**बिहार सरकार**
**वित्त विभाग**

संचिका संख्या : 1ए/11–56/2008 6881 /वि0, पटना, दिनांक 19/06/2025

**–:: सूचना ::–**

विज्ञापन संख्या–37/2023 के माध्यम से वित्त विभाग, बिहार, पटना में वाहन चालक (साधारण कोटि) के पद पर नियुक्ति हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना द्वारा सफल अभ्यर्थियों की अनुशंसा उपलब्ध करायी गई। विभागीय स्तर पर दिनांक–09.06.2025 को संबंधित अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण–पत्रों का सत्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जाँच/सत्यापन में उपस्थित एवं योग्य अभ्यर्थियों को विभागीय आदेश ज्ञापांक–6880 दिनांक–19.06.2025 द्वारा वित्त विभाग में वाहन चालक के पद पर नियुक्त किया गया है।

2. नवनियुक्त वाहन चालकों को माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री द्वारा अभिप्रमाणित फोटोयुक्त नियुक्ति–पत्र वितरित करने हेतु दिनांक–21.06.2025 (शनिवार) को अपराह्न 2:00 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

3. सभी नवनियुक्त वाहन चालक को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–21.06.2025 (शनिवार) को अपराह्न 12:00 बजे तक अराजपत्रित स्थापना शाखा (प्रशाखा–02) वित्त विभाग, बिहार, पटना में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। नियुक्ति–पत्र किसी भी स्थिति में किसी अन्य को हस्तगत नहीं कराया जायेगा।

4. नवनियुक्त कर्मी अपने साथ आधार कार्ड/फोटोयुक्त पहचान–पत्र एवं आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश–पत्र की मूल प्रति लाना सुनिश्चित करेंगे।

5. नियुक्ति–पत्र प्राप्त करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

ऋषि. 19/06/25

**(ऋषिकेश)**
सरकार के अवर सचिव।